




नवभारत

भोपाल, मंगलवार, 2 जून 2026


# जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण केवल कागजों तक सीमित न रहे : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 1 जून. जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि आमजन को वास्तविक राहत और समाधान प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाए।**

**गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाही की जाए**

**समय सीमा की बैठक में विभागवार समीक्षा**

यह निर्देश कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा योजना के अंतर्गत सोलर पैनल से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जल संसाधन, शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग को शिकायतों के निराकरण में विशेष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य लेकर मिशन मोड में कार्य करें तथा कोई भी शिकायत नॉन-अटेंडेड न रहे। समयसीमा और जनसुनवाई के प्रकरणों में पत्राचार करना समाधान नहीं माना जाएगा, बल्कि संबंधित आवेदक को विभागीय समन्वय के माध्यम से वास्तविक लाभ पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने खनिज एवं




राजस्व विभाग को अवैध माइनिंग के विरुद्ध संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एसडीएम को निर्देशित किया गया कि किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराया जाए तथा किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

**जर्जर भवनों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराये :** जर्जर स्कूल भवनों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अत्यधिक जर्जर भवनों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत अथवा डिस्मेंटल की कार्रवाई की जाए। डीपीसी, शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग को स्कूल भवनों की मरम्मत, निर्माण एवं शिफ्टिंग के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाने तथा एसडीएम को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि विभाग स्तर पर नियमित फॉलोअप लेकर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। वन अधिकार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की तथा जिले में पायलट के रूप में कुछ ग्रामों में प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में पेंशन प्रकरणों, पीएम राहत एवं ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा भी की गई। भैंसदेही, चिचोली, आठनेर, भीमपुर जनपद तथा शाहपुर निकाय को ई-केवाईसी में विशेष प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग स्तर पर आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित कर प्रमुख रपटों एवं पुल-पुलियों पर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा पानी बहाव की स्थिति में आवागमन प्रतिबंध संबंधी साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।

**साप्ताहिक कैपेसिटी बिल्डिंग सत्र आयोजित करने के निर्देश :** पीएमजीएसवाय सड़कों के गारंटी पीरियड में रखरखाव नहीं होने की शिकायतों पर कलेक्टर ने समिति गठित कर मार्गों की स्थिति एवं मरम्मत कार्यों की जांच करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को घोड़ाडोंगरी एवं मुलताई में डिलीवरी प्वाइंट पूरी तरह क्रियाशील रखने और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्लान सिस्टम का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें भूमि, सड़क, जलापूर्ति, उपार्जन एवं खाद वितरण सहित विभिन्न विभागों की जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

## निरीक्षण का सकारात्मक परिणाम दिखाई देना चाहिए

बैठक में सभी एसडीएम से रोस्टर अनुसार किए गए भ्रमण एवं निरीक्षण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि निरीक्षण केवल औपचारिकता न बने, बल्कि उसका सकारात्मक परिणाम क्षेत्र में दिखाई देना चाहिए। सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थों से निरंतर फॉलोअप लेने तथा जनहित के कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समयसीमा से बाहर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही समयसीमा, जनसुनवाई एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## राजस्व अभिलेखों का वाचन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

अंतरविभागीय बिंदुओं की समीक्षा के दौरान भूमि आवंटन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा पैसा पंचायतों में वन एवं राजस्व अभिलेखों का वाचन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश एसडीएम शाहपुर एवं भैंसदेही को दिए गए। बैठक में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड द्वारा आपदा प्रबंधन कार्ययोजना की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर ने सर्पदंश के लिए पर्याप्त एंटीवेनम उपलब्ध रखने, संपर्क विहीन ग्रामों में खाद्य सामग्री का अग्रिम भंडारण, पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण, बिजली पोल एवं तारों की मरम्मत, जर्जर भवनों का ऑडिट एवं डिस्मेंटल, रपटों पर साइन बोर्ड लगाने, सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर में

### सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने सौंपा ज्ञापन


**मुलताई।** जनपद पंचायत प्रभात पट्टन की ग्राम पंचायत बिरुल बाजार की वार्ड क्रमांक 19 में सरकारी भूमि पर से कब्जा हटाने की मांग को लेकर वार्ड वासियो ने तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है।ग्राम बिरूल बाजार की वार्ड क्रमांक 19 की ग्रामीणों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया वार्ड क्रमांक 19 में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।उक्त भूमि पर सभी मोहल्ले के लोग ने मिनी गार्डन बनवाने के लिए प्रस्ताव लिया है। जिसमें ग्राम के कुछ आपत्ति जनक लोग अपना कब्जा बता रहे है।जबकि मोहल्ले के लोग चाहते है उक्त स्थल पर मिनी गार्डन बनाने का प्रस्ताव जल्द पास किया जाए, वार्ड वासियो ने समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

### 5 दिन के भीतर उपलब्ध कराएं खाद

**मुलताई।** क्षेत्र के किसानो को कृषि कार्य हेतु पर्याप्त मात्रा खाद नही मिला पा रही है,किसानो को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष धोटे एवं बहुजन मुक्ति पार्टी के जनार्दन पाटिल सहित किसानो ने एसडीएम को सम्बोधित नायब तहसीलदार को सौपा है। सौपे गए ज्ञापन में बताया किसानो को कृषि कार्य के लिए में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसानो को लंबी कतारी में घंटों खड़े रहना पड़ रहा है,जिसके बाद भी खाद प्राप्त नहीं हो रही है। खाद की कमी के कारण किसानो की बुवाई एवं कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान होने की आशंका बढ़ रही है। किसानो ने मांग की है की उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद वितरण व्यवस्था को 5 दिनों के भीतर पारदर्शी एवं सुचारु बनाया जाए। कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर तत्काल रोक लगाई जाए।सहकारी समितियाँ एवं विक्रय केंद्रों पर खाद का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए।किसानों को बिना किसी भेदभाव के समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है,समस्या का समाधान नहीं होने पर किसान संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# बोरदेही रेलवे स्टेशन पर युवक की बेरहमी से पीटकर हत्या

**आमला।** बोरदेही रेलवे स्टेशन पर हुई एक दर्दनाक घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी 22 वर्षीय अली खान पेंचवेली एक्सप्रेस से भोपाल की ओर यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान सीट पर बैठने को लेकर उसका बोरदेही क्षेत्र के एक युवक से विवाद हो गया। मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपी युवक ने अपने साथियों को फोन कर बोरदेही स्टेशन पर बुला लिया। बताया जाता है कि जैसे ही ट्रेन बोरदेही स्टेशन पहुंची, पहले से मौजूद 12 से 15 युवक ट्रेन में चढ़ गए और



अली खान को जबरन नीचे खींच लिया। इसके बाद स्टेशन परिसर में लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। अली खान के साथ यात्रा कर रहे उसके तीन साथी भी हमलावरों के निशाने पर थे। जान बचाने के लिए वे ट्रेन की दूसरी बोगियों में छिप गए। बताया जाता है कि आरोपी उन्हें भी तलाशते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर लंबे समय तक युवक को पीटते रहे, लेकिन डर के माहौल में कोई भी उसे बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। जीआरपी प्रभारी प्रमोद पाटिल ने बताया कि युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें रवाना की गई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, तकनीकी साक्ष्य और अन्य उपलब्ध जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, चालक घायल

**बैतूल।** सोमवार को सोनाघाटी के पास एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए बैतूल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में चिप्स, कुरकुरे और कोल्ड ड्रिंक सहित अन्य खाद्य सामग्री भरी हुई थी। ट्रक अपने निर्धारित गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी सोना घाटी के पास अचानक वाहन पर चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रक



सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। सूत्रों के मुताबिक ट्रक के ब्रेक सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि ब्रेक सही तरीके से काम नहीं करने के चलते चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और ट्रक पलट गया। हालांकि दुर्घटना में किसी अन्य वाहन या राहगीर के प्रभावित होने की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में ट्रक को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई और यातायात को सुचारु किया गया। हादसे में ट्रक में भरा सामान भी बिखर गया, जिससे आर्थिक नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

# कामथ में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मुलताई।** नगर से सटे ग्राम कामथ में जल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे छिंदवाडा रोड पर ग्राम पंचायत भवन के सामने सोमवार सुबह 11 बजे से जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया जिससे हाईवे पर जाम लग गया। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसडीएम राजीव काहर और मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची।ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया गांव के कई मोहल्लों में पिछले तीन से चार दिनों से नलों में पीने का पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी के बीच उन्हें पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है।ग्रामीणों ने बताया गांव में नया बोर पर भरपूर पानी लगा है लेकिन सरपंच द्वारा आधे ग्राम में जल प्रदाय नही कराया जा रहा है, टेंकरो से भी पानी नही भेजे जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लीकेज पाईप लाइन को सुधारकर जल प्रदाय किया जाना चाहिए।जिस पर एसडीएम द्वारा सरपंच, सचिव को शाम 4 बजे से टेंकर से जलप्रदाय करने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त करवाया।

# सीएम की भाषा अशोभनीय : बटेश्वर भारती

**सारनी।** सीएम मोहन यादव की भाषा अशोभनीय है। भाजपा के नेता भाषा की मर्यादा को सत्ता के नशे मे भूल गये है। भाजपा नेता कभी घंटा तो कभी सड़क छाप बोल रहे है, उपरोक्त उदगार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने सीएम मोहन यादव की राहुल गाँधी एवं जीतू पटवारी के खिलाफ दिए गये बयान के विरोध प्रदर्शन के अवसर पर व्यक्त किये है। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कोल नगरी में लाल झंडा चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। जिला कांग्रेस महासचिव वसीम खान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष




जीतू पटवारी पर जिस तरह की अभद्र एवं सड़क छाप भाषा का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सीएम, मंत्री से लेकर भाजपा के नेताओ की भाषा अमर्यादित होती जा रही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने पाथाखेड़ा स्थित लाल झंडा चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस कार्यक्रम में बटेश्वर भारती, विजय उपराले, वसीम खान, पिंटिश नागले, विक्की सिंह, आलोक राय, मो ताहिर, गोविंदा अरोलू, प्रकाश मालवीय, रोहित भारती, ममता साहू, मेनका, कुसुम राठौर, एवं अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारि उपस्थित रहे।

# जलाशयों से हो रहा काली मिट्टी का परिवहन, विभाग अनजान

**भैंसदेही।** इन दिनों क्षेत्र के कुर्सी और भीवकुंड जैसे जलाशयों में डंपर, ट्रेक्टर और जेसीबी जैसे मालवाहक वाहनों की आवाजाही रात के अंधेरे में जमकर चलीं हुई है। ज्ञात हो कि इन जलाशयों से जमकर काली मिट्टी की कालाबाजारी की जा रही है। गौन खनिज माने जाने वाली मिट्टी और मुरूम के बिना शासकीय प्रकिया को पुरा किये क्षेत्र के उन किसानों के खेतों में काली मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। इसमें एक ओर जहां इन किसानों को जलाशय की काली मिट्टी (खाद)मिल जाती है जो खेतों को उपजाऊ बनाने में सहायक होती है, वहीं वाहन चालकों को अच्छा खासा किराया मिल जाता है, लेकिन यह सब हो रहा है, बिना किसी शासकीय अनुमति के। जबकि शासन ने इसके कुछ नियम और मापदंड तय किये। जिसका पालन कर यह काम किया जा सकता है, किन्तु यहां इन सब से इतर क्षेत्रिय विधायक के संबंध और नाम का हवाला देकर शासन को चूना लगाकर गाढ़ी कमायी की जा रही। काली जल संसाधन विभाग के श्री मर्सकोले का कहना है कि किसानों द्वारा बिना अनुमति के गाद निकाले जाने की जानकारी मुझे नहीं थी। प्रभारी उपयंत्री को कार्यवाही के लिये निर्देशित कर कार्यवाही की जायेगी।

# चोरी के बाद पुलिस की सुस्ती पर फूटा गुस्सा

**आमला।** जिला किराड़ समाज संगठन बैतूल द्वारा आमला में चोरी की घटना में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष कुलराज नरवरे के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि समाज के सदस्य डी.के. सूर्यवंशी के निवास पर 26 मई को चोरी की घटना हुई थी। मामले की रिपोर्ट थाना आमला में दर्ज कराई गई तथा एफआईआर क्रमांक 0198 भी दर्ज है। इसके बावजूद घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और न ही



चोरी गया सामान बरामद किया गया है।वही एसपी को बताया गया कि इसके पूर्व में भी नगर में तीन चोरी और एक डकैती का भी आजतक खुलासा नहीं हुआ है।इस तरह की कार्यप्रणाली से जनता का पुलिस से विश्वास कम होता जा रहा है और चोरो के हौसले बढ़ते जा रहे है।ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि घटना के बाद पीड़ित परिवार में असुरक्षा और चिंता का माहौल बना हुआ है। समाज ने मांग की है कि जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा चोरी गया सामान वापस दिलाया जाए।

# पुलिस ने सुलझाई अपहरण और लूट की वारदात, चार गिरफ्तार

**सारनी।** थाना सारणी पुलिस ने अपहरण कर लूट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 35 हजार रुपये नगद तथा वारदात में प्रयुक्त मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार भी जब्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नसीराबाद निवासी 35 वर्षीय जगदीश उईके 29 मई को अपने मित्र साजन विश्वकर्मा से मिलने सारणी आया था। सुबह करीब 10.30 बजे वह छोटा मठारदेव के पास ईंटाभट्टा क्षेत्र में खड़ा था। इसी दौरान सफेद रंग की मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार में सवार चार अज्ञात युवक वहां पहुंचे और



उसके साथ मारपीट कर जबरन कार में बैठाकर जंगल की ओर ले गए। आरोपियों ने फरियादी को डराकर-धमकाकर उसके मोबाइल फोन के माध्यम से 40 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए तथा एटीएम से 10 हजार रुपये भी निकलवा लिए। इसके बाद आरोपी उसे जंगल में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सारणी में धारा 308(5), 140(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 12 घंटे के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज खातरकर (28) निवासी बांसवाड़ी दुधावानी थाना रानीपुर, मोनू रजक (27) निवासी श्रीराम कॉलोनी जिला गुना, यश रननवरे (20) निवासी हनुमान नगर यवतमाल (महाराष्ट्र) तथा ओमप्रकाश भोरबंशी (30) निवासी देशावाड़ी थाना शाहपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से 35 हजार रुपये नगद एवं वारदात में प्रयुक्त मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार जब्त की है।

**बैठक** पीएम राहत योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समय पर रजिस्ट्रेशन होने के संबन्ध में बैठक आयोजित

# पीएम राहत योजना में घायलों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें

**बैतूल। कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने पीएम राहत योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समय पर रजिस्ट्रेशन होने के सम्बन्ध में निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने निजी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुन: प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कहा कि पीएम राहत योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार के लिए 1.5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई




जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र प्रभावित व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और कोई भी वंचित न रहे। बैठक में उन्होंने पुलिस विभाग को सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित रजिस्ट्रेशन एवं अस्पताल में भर्ती कराने में सहयोग करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला अस्पताल में सड़क दुर्घटना के घायलों के लिए योजना अंतर्गत उपचार सुनिश्चित कराने के लिए एक डेडिकेटेड अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त करने को कहा। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए अस्पतालों में जानकारी संबंधी फ्लेक्स लगाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि योजना के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए निर्धारित एसओपी तैयार की जाए। उन्होंने दोनों विभागों में समन्वय स्थापित करने हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनकी सूची साझा करने के निर्देश भी दिए।

**सड़क दुर्घटना पीडित का होगा कैशलेस उपचार :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना 13 फरवरी-2026 से सम्पूर्ण भारत में लागू की गई है। योजना के तहत सडक दुर्घटना पीडित व्यक्ति को डेढ लाख तक मुफ्त ईलाज सरकारी एवं चिन्हित प्रायवेट अस्पतालों में मिलेगा। पीएम राहत योजना अन्तर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 01 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा। जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले मामलों में अधिकतम 24 घंटे तक तथा जीवन के लिये घातक मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाईजेशन उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा एकीकृत डिजीटल प्रणाली पर पुलिस प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

# 5 हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**पाथाखेड़ा।** सारणी पुलिस ने मोबाइल चोरी और बैंक खाते से ऑनलाइन राशि ट्रांसफर करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5000 रुपये के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर फरार अपराधियों और संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना सारणी में 31 जुलाई 2025 को आजाद नगर पाथाखेड़ा निवासी फरियादी राकेश बावरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात में सोते समय उसका मोबाइल चोरी हो गया। बाद में यूनियन बैंक बगडोना में खाते की जानकारी लेने पर पता चला कि उसके खाते से मोबाइल के माध्यम से 36 हजार




रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। मामले में थाना सारणी में धारा 331(4) एवं 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अंकित बेले एवं विशाल बेले को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने भोपाल निवासी निक्की यादव के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से ट्रांजेक्शन की गई 36 हजार रुपये की राशि भी बरामद कर ली थी, जबकि मुख्य आरोपी निक्की यादव घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लगातार तलाश के बाद थाना सारणी पुलिस ने आरोपी निक्की पिता पुरुषोत्तम यादव को गिरफ्तार कर लिया।